सार-समाचार

अवैध एमडीएम व गांजा जब्त, एक धरा

उदयपुर, (कासं)। गोवर्धन विलास थाना पुलिस एवं स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए तलाशी अभियान के दौरान अवैध एमडीएमए गांजे सहित कार मय मोबाईल को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला मय टीम एवं स्पेशल टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने जोगी तालाब क्षैत्र में नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए कार को रोक उसमें सवार सैयद जावेद अली उर्फ जिम्मी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से635 ग्राम अवैध एमडीएमए तथा 865 ग्राम गांजा मय कार,मोबाईल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार1फरवरी को स्पेशल टीम एवं गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने जोगी तालाब क्षैत्र में नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान पुलिस को देख चालक कार यूटर्न कर भागने लगा। जिसे पुलिस ने पिछा कर रोक कर पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम सैयउद जावेद अली उर्फ जिम्मी पुत्र सैयद ताहिर अली निवासी कोठार गली यार्ड मामा भांणेज रोड़ राजनगर हॉल एसबी नगर पुलिस थाना गोवर्धन विलास बताया। पूछताछ में संतोशप्रद जवाब नहीं देने पर तलाशी तो अवैध एमडीएमए व गांजा पाया गया। इस पर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ मय मोबाईल व कार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी के खिलाफ पूर्व में तीन अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

चोरी का वांछित आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने सूने मकान से चोरी करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरा के अनुसार दिनेश पुत्र पारस नलवाया निवासी न्यू केशवनगर सुखेर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 21 जनवरी 2024 को मैं अपनी पत्नी को लेकर बडी सादड़ी गया था। वापस लौटने पर देखा तो मकान का ताला टूटा हुआ था एवं घर में सामान बिखरा पड़ा होकर सोने चांदी के आभूषण व 10 लाख रूपये नकदी गायब थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझ, पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचन्द्र के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी रविन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने उक्त मामले में एक वर्ष से फरार वांछित आरोपी उस्मान शाह पुत्र मस्ता शाह निवासी काकलिया का भीलवाड़ा बीएसएनएल टावर के पास गोगुन्दा हॉल रूपनगर भुवाणा को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस पूर्व में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा चुकी है। जबकि मुख्य आरोपी उस्मान शाह फरार था।

धोखे से जमीन हड़पने का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। पुत्र को झांसे में लेकर उसकी जमीन अपने नाम करवाने वालें तीन आरोपियों के खिलाफ सुखेर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता लक्ष्मी बाई पत्नी गणेशलाल डांगी निवासी शौभागपुरा ने आरोपी जगदीश पुत्र छगनलाल शर्मा निवासी आदर्शनगर गारियावास, पुष्कर डांगी उर्फ टीला डांगी निवासी मनवाखेड़ा तथा सुखलाल डांगी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि मेरे पति की मृत्यु होने के बाद जमीन मेरे व मेरे पुत्र कमल तथा पुत्री के नाम पर ट्रांसफर हुई थी। 22 अगस्त 2024 को आरोपी मेरे पुत्र को शराब पिला कर साथ ले गए तथा उसके हिस्से की जमीन को जगदीश ने अपने नाम करवा ली तथा बैक में रूपये ट्रांसफर किए जो वापस निकाल लिए तथा दिए गए चैक भी बाउंस करवा दिए। जबकि उक्त जमीन पर न्यायालय में वाद चल रहा है जिस पर स्थगन आदेश लगा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

धार्मिक अनुष्ठान के साथ यज्ञ हवन

कपासन, (निसं)। बसंत पंचमी पर्व के अवसर पर महर्षि च्यवन गौड बारेगामा समाज आश्रम पर महर्षि ऋषि जी एवं सुकन्या जी मंदिर पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ यज्ञ हवन आयोजित हुआ । इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। बसंत पंचमी के अवसर पर कपासन ब्रह्मपुरी स्थित महर्षि च्यवन गौड बारेगामा समाज आश्रम पर च्यवन ऋषि जी की धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूजा अर्चना किया गया। एवं समाज की कई महिलाएं द्वारा मंदिर प्रांगण में भगवान महर्षि च्यवन ऋषि जी झाकी सजाया गया। दोपहर बाद समाज द्वारा नगर में डीजे साउण्ड व गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में धार्मिक भजनों पर महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा नृत्य किए गए। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर ब्रह्मपुरी छत्रपति शिवाजी चौक, पुराना बस स्टैंड, पाच बत्ती चौराहे होते हुए लोडकिया पिपली बाजार ,होते हुए आश्रम पहुंचकर शोभायात्रा पहुंची जहां पर महर्षि जी की आरती कर प्रसाद का भोग लगा कर वितरित किया गया।

ट्रैफिक कांस्टेबल ने भेड़ों को कुचला

डूंगरपुर, (निसं)। धंबोला थाना क्षेत्र के शीथल घाटी में एक ट्रैफिक कॉन्स्टेबल ने तेज रफ्तार कार दौड़ाकर सडक़ पर जा रही भेड़ों को कुचल दिया। हादसे में 12 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि 13 भेड़ें घायल हो गईं। घटना के बाद लोगों ने कांस्टेबल की पिटाई कर दी। जिसके बाद कॉन्स्टेबल मौके से फरार हो गया। रेबारी समाज के लोग अपनी भेड़ों को लेकर शिथल घाटी से होकर अपने डेरे की ओर जा रहे थे। इस दौरान धंबोला थाने का ट्रैफिक कॉन्स्टेबल पंकज लबाना तेज रफ्तार में कार लेकर आया। सडक़ पर जा रही भेड़ों को कुचल दिया। हादसे के बाद कार भी पलट गई। वहीं हादसे में 12 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि 13 भेड़ घायल हो गए। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कॉन्स्टेबल को पकडक़र उसकी जमकर पिटाई की। बाद में कॉन्स्टेबल पंकज मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर धंबोला थाना पुलिस और डिप्टी राजकुमार राजोरा भी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी कॉन्स्टेबल की कार को जब्त कर लिया है। पीड़ित भेड़ मालिकों ने पुलिस को रिपोर्ट दी है।

मारपीट में कॉलेज छात्र घायल

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थानाक्षैत्र एमएलएसयु छात्र के साथ मारपीट करने वाले आरोपी छात्रों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित लालसौट दौसा हॉल सीटीएई में अध्यनरत प्रथम वर्ष के छात्र योगेश पुत्र राजाराम मीणा ने आरोपी छात्र रितिक तंवर, दिक्षित प्रजापत, रूद्र प्रताप, राहुल वांगरा, मयंक कुमावत, भूपेश मीणा, अभिषेक मीणा, मोहम्मद सेफ, सुरेन्द्र मीणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि सीटीएई प्रथम वर्ष में अध्यन करते हुए हॉस्टल में रह रहा हूं।1फरवरी सांय अभिषेक के बुलावे में मैं सविंधान पार्क पहुंचा। जहां मौजूद आरोपियों ने मेरे साथ मारपीट की तथा आरोपी सुरेन्द्र ने सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। चिल्लाने पर आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चिक्तिसालय पहुंचाय तथा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त

उदयपुर, (कासं)। किराए पर कार लेकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर इसके कब्जे से कार बरामद की। प्रकरण के अनुसार 23 जनवरी को पीडित जयन्त राजमाली पुत्र अम्बालाल माली निवासी छोटा भोईवाड़ा धानमण्डी ने सूरजपोल पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मेरी कार को 16 जनवरी 2025 को श्याम टूर एण्ड ट्रांवेल्स से ओम बन्ना मंदिर दर्शन कराने के लिए रोशनलाल नामक एक व्यक्ति किराए पर लेकर रवाना हुआ था। कुछ समय बाद नहीं लौटने पर संपर्क किया तो मोबाईल स्वीच ऑफ कर दिया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनराज पुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल ग्रानाधिकारी रतनसिंह के नेत्त्व में गठित दल ने आरोपी रोशनलाल जटिया निवासी धामनिया जागीर छोटी सादड़ी प्रतापगढ हॉल बालाजी प्रोपर्टी सिताराम नगर, एसकेजी हॉस्पीटल झालामण्ड थाना कुडी भगतानी जोधपुर को गिरफ्तार कर इसे कब्जे से कार बरामद की।

थानाधिकारी जांगिड को मिली पीएचडी

उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि ने विधि संकाय में सुबोध जांगिड को भारतीय पुलिस प्रणाली के अंतर्गत अभिरक्षा में व्यक्तियों के प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिका: राजस्थान के विशेष संदर्भ में व्यक्ति की पुलिस हिरासत का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की। डॉ. सुबोध जांगिड ने अपना शोध कार्य डॉ. प्रतीक जांगिड के निर्देशन में किया। डॉ. जांगिड़ पुलिस निरीक्षक वर्तमान में थानाधिकारी पुलिस थाना सदर जिला डूंगरपुर में पदस्थापित है।

आरएएस प्री परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, सुरक्षा व्यवस्थाएं रही चाक-चौबंद

राजसमंद, ०(निसं)। आरएएस (प्रारम्भिक) परीक्षा का आयोजन रविवार को जिले के 17 परीक्षा केंद्रों पर किया गया। परीक्षा के दौरान समस्त व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रही तथा सुरक्षा को लेकर उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई ताकि परीक्षा निर्विघ्न सम्पन्न हो सकें। पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी से सभी केंद्रों पर यह परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बालमुकुंद असावा, एसपी मनीष त्रिपाठी, एडीएम नरेश बुनकर

■ **जिले में 17 केंद्रों पर आयोजित हुई आरएएस प्री परीक्षा**

परीक्षा प्रारंभ होते ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर पुलिस टीम और कार्मिकों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

पुलिस की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के सर्वोत्कृष्ट इंतजाम किए गए ताकि अभ्यर्थियों को परेशानी भी न हो और परीक्षा भी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो। कलक्टर व एसपी ने बालकृष्ण विद्या भवन राउमावि कांकरोली, राबाउमावि कांकरोली, आलोक स्कूल, सुभाष पब्लिक स्कूल, एसआरके कॉलेज सहित कई केंद्रों पर यह सुनिश्चित किया कि कोई चूक न हो। एडीएम नरेश बुनकर ने बताया कि जिले में आरएएस (प्रारम्भिक) परीक्षा को लेकर कुल 17 केंद्र बनाए गए।

इन केंद्रों पर कुल 5314 परीक्षार्थियों को उपस्थित होना था, जिनमें से 3343 उपस्थित हुए तथा 1970 अनुपस्थित रहे। ऐसे में कुल उपस्थिति 62.91 प्रतिशत रही। जिला कलक्टर और एसपी ने निरंतर कार्मिकों की बैठकें लेकर एवं संवाद कर यह सुनिश्चित किया कि कहीं भी कोई कम्यूनिकेशन गैप न हो और यह परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो।



राजसमंद में आरएएस (प्रारम्भिक) परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा एवं एसपी मनीष त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी।

'वल्लभनगर विधानसभा मेरा परिवार, किसी के साथ सौतेला व्यवहार नहीं किया जाएगा'

कानोड़, (निसं)। कानोड़ के साथ सौतेला व्यवहार नहीं होगा, आप लोग यह बात अपने दिमाग से निकालें, कुछ तकनीकी वजह से सड़क नहीं बन पाई, मुझे भी दुख है, लेकिन विधानसभा के 15 दिनों में सड़क पर डामर हो जाएगा यह बात क्षेत्रीय विधायक उदयलाल डांगी ने कानोड़ में आयोजित कानोड़ की मुख्य सड़क व कमल वाले तालाब के सौंदर्यीकरण के शिलान्यास कार्यक्रम बतोर मुख्य अतिथि कही।

विधायक उदयलाल डांगी नगर के कोर्ट चौराहे पर पहुंचने पर उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैंड बाजों के साथ स्वागत किया। विधायक डांगी ने कहा कि कमल वाले तालाब के सुंदरीकरण के लिए 5 करोड़ की राशि स्वीकृत हो चुकी है वहीं सड़क के लिए एक करोड़ रुपए की स्वीकृति हुई है और बाकी दो करोड़ जल्द ही विभाग को मिल जाएंगे। यानी 3 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण होगा विधानसभा सत्र के दौरान सड़क पर डामर हो जाएगा विधायक ने मंच से पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता अंचल गुप्ता को विधानसभा सत्र के 15 दिन के भीतर सड़क पर डामर करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि वल्लभनगर विधानसभा मेरा परिवार है, किसी के साथ सौतेला व्यवहार नहीं किया जाएगा। कानोड़ नगर की जीर्ण-शीर्ण बावड़िया, ऐतिहासिक दरवाजे सभी के सौंदर्यीकरण को लेकर 10 करोड़ रुपए का प्रपोजल सरकार को भेजा गया है राशि मिलते ही यह कार्य भी शुरू हो जाएगा । विधायक ने डांगी ने कहा कि आपके नगर में हर गली में सड़क का निर्माण हो रहा है , अगर कहीं गलत हो रहा है, तो वहीं पर काम रुकवा कर मुझे बताओ, क्वालिटी के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कानोड़ की जनता ने जिस तरह का सहयोग मेरे साथ किया है वह सराहनीय है, और उसका कर्ज उतारने का पूरा प्रयास करूंगा। विधायक ने कहा कि पेयजल को लेकर भी खेजड़ी नाका बांध सहित कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनूप श्रीमाली ने की।

सड़क व कमल वाले तालाब के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया।

आशीष त्रिवेदी का टीम में चयन

देवगढ़, (निसं)। बास्केटबॉल ख़िलाडी आशीष त्रिवेदी का देहरादून में आयोजित हो रहे 38 वे राष्ट्रीय खेल के लिए राजस्थान की बास्केटबॉल टीम में चयन हुआ है।देवगढ के नितिन तिवारी ने बताया कि आशीष त्रिवेदी का प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान टीम में चयन किया गया।राजसमन्द बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ ललित दाधीच व सयुक्त सचिव मनोज त्रिवेदी के अनुसार इससे पहले आशीष ने हाल ही में गोवा में आयोजित हुई राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की व प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया। जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव दीन दयाल त्रिवेदी के अनुसार आशीष ने पिछले वर्ष भी 37वे राष्ट्रीय खेल जो कि गोवा में आयोजित हुए थे में बास्केटबॉल स्पर्धा में 3 3 प्रतियोगिता में भाग लेकर राजस्थान टीम को स्वर्ण पदक दिलाया था। संघ के तकनीकी सलाह कार मधुसूदन जोशी व कोषाध्यक्ष हेम सिंह ने बताया कि खिलाड़ी का 2 बार भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर में भी चयन हो चुका है।

विद्यारंभ संस्कार का आयोजन

देवगढ़, (निसं)। माँ सरस्वती के जन्मोस्तव बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय देवगढ़ मे विद्यारंभ संस्कार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह कच्छावा उप प्रधानाचार्य, देवी लाल सोनी वरिष्ठ अध्यापक, इंजीनियर दीपक उपाध्याय व्याख्याता व एन सी सी कमांडर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों व अभिभावकों द्वारा महादेव मन्दिर मे पोथी पूजन कर किया गया जहाँ मन्दिर के पूजारी तिलक जी द्वारा विधि विधान से नव प्रवेशित बच्चों का विद्यारंभ संस्कार करवाया गया। तत्पश्चात मन्दिर से विद्यालय तक घोष दल के साथ पोथी यात्रा निकाली गयी।

माताओं ने किया पिछोला का गंगा जल से अभिषेक

उदयपुर, (कासं)। आओ मंदिर चले भक्ति आंदोलन से जुडी मातृ शक्ति द्वारा प्रयाग महाकुंभ संगम से गंगा, यमुना ओर सरस्वती नदियों से लाए जल को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पिछोला झील में मिश्रित कर उदयपुर के उन सभी सनातनीयों को जो संगम स्नान में नहीं जा सके उन्हें भी गंगा स्नान का लाभ मिले।

इस पवित्र उद्देश्य को लेकर अपने साथ लाए इस करोडों सनातनियों के पवित्रतम ओर संगठित प्रयत्न, आस्था ओर स्पर्श लिए जल को ओर संगम की पवित्र मिट्टी को पिछोला झील में मिलाया। उपस्थित जनता ने पिछोला घाट पर इस जल से अपने ऊपर छींटे देकर बसंत पंचमी के अमृत स्नान का लाभ लिया । अंत में सभी भक्तों ने दीपक जला कर गंगाजी की स्तुति ओर आरती की ओर इन दीपक को पिछोला ओर गंगा जल में प्रवाहित किया। कार्यक्रम में महंत इंद्रदेव दास जी चतुर्भुज हनुमान मंदिर मल्लाह तलाई , महंत नारायण दास जी वैष्णव काली कल्याण धाम बोहरा गणेश जी, दयाराम जी महाराज धोली बावडी का सानिध्य रहेगा। इस अवसर पर हनुमान भक्त मंडल से जुडी की मातृशक्ति से नितेश नंदिनी , ललिता पालुंडिया,ज्योति अग्रवाल, सरोज पंवार, मधुबाला लोहार, दीपिका गोराना, सरोज उपाध्याय, कृष्णा चौबीसा, ऊषा कुंवर राठोड सरोज चित्तौडा आदि आओ मंदिर चले आंदोलन से जुडी भक्तों के साथ बडी संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति रही। विदित रहे विगत 3 वर्ष से हिंदू समाज में सामाजिक समरसता तथा एकता बढाने हेतु मंदिर को माध्यम बनाकर आओ मंदिर चले आंदोलन प्रति शनिवार अखंड रूप से उदयपुर के अलग-अलग हनुमान मंदिर में चल रहा है।

बेटी बचाने और बेटी पढ़ाने का लिया आठवां वचन

उदयपुर, (कासं)। बेटी बचाने और बेटी पढ़ाने का आठवां वचन लेकर खटीक समाज के 27 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर रविवार को आयोजित प्रथम सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। यह पहला सामूहिक विवाह है जिसमें न दहेज लिया और न दिया गया। पूरी तरह आडंबर मुक्त सामूहिक विवाह में वर-वधु से 30 साल तक तलाक और तनाव की नौबत में थाने या कोर्ट नहीं जाने का

■ **सामूहिक विवाह में खटीक समाज के सत्ताईस जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

स्टांप एग्रीमेंट लिया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि सामूहिक विवाह फतह स्कूल मैदान पर हुआ जहां 27 यज्ञ वेदियों पर 27 पंडितों ने 27 जोड़ों की विवाह रस्म पूरी करवाई। इससे पूर्व हाथीपोल चौराहे से बारात की रवानगी हुई जिसमें सैंकड़ों की सख्या में समाज की महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। बारात में सभी 27 दुल्हे घोडी पर और दुल्हनें बग्गी पर सवार थी। बैंडबाजों और ढोल पर नाचते झूमते समाजजनों में उत्साह का माहौल था। महिलाओं ने जगह-जगह घूमर नृत्य किया तो युवा ढोल ताशों पर नाचते हुए दिखे। बैंड की धुन पर बड़े बुजुर्ग भी अपने को नाचने से नहीं रोक पाए। बारात देहलीगेट, बापूबाजार व सूरजपोल होते हुए फतह स्कूल मैंदान पहुंची जहां तोरण की रस्म के बाद विवाह की अन्य रस्में पूरी हुई। बारात का शहर में जगह-जगह स्वागत द्वारा बनाकर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। बारात और विवाह समारोह में उदयपुर के अलावा राजसमंद, सलूंबर, भीलवाडा और गुजरात व मध्यप्रदेश तक के समाजजन भी शामिल हुए। समारोह में समाजसेवी डाक्टर विनोद पांडे व निर्मल कुमार पंडित भी शामिल हुए। संस्थापक जय निमावत व राष्ट्रीय महासचिव पूरण खटीक चौहान ने कहा कि समाज के भामाशाहों के सहयोग से यह पहला सामूहिक विवाह पूरी तरह सफल रहा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केसुलाल डिडवानिया, प्रभुलाल सामरिया, भैरुलाल चंदेल, दिनेश चौहान, राष्ट्रीय मंत्री विजय निमावत, विजय बागडी, शहर जिला महामंत्री राहुल बागडी, मीडिया प्रभारी लालचंद खटीक, शहर जिला अध्यक्ष प्रिंस बागडी, उपाध्यक्ष विष्णु चंदेल, जिला मंत्री मुकेश पहाडिया, शहर जिला अध्यक्ष प्रवीण शांतिलाल सामरिया, महामंत्री प्रिंस निमावत, दीपेश चौहान, जिला मंत्री प्रेम कुार निमावत, देहात जिलाध्यक्ष किशन सामरिया, उपाध्यक्ष कपिल चौहान, जिला मंत्री जितेंद्र डिडवानिया, हितैश चौहान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। इनमें प्रदेश अध्यक्ष तुलसी देवी, महामंत्री केसर बाई निमावत, महामंत्री प्रमिला बागडी, उपाध्यक्ष कंचन बाई सहित महिला सदस्यों ने समारोह में चार चांद लगा दिया।

खटीक समाज के 27 जोडे दहेज परिणय सूत्र में बंधे।

सार-समाचार

वार्षिकोत्सव प्रतीति का आयोजन

बांसवाड़ा, (निसं)। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बांसवाड़ा द्वितीय में वार्षिकोत्सव प्रतीति का आयोजन धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव ने विद्यार्थियो को सकारात्मकता, कार्य योजना बनाकर कार्य करने एवं अपने रूचि के अनुसार कार्य चयन करने के सूत्र देते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढक़र एक प्रस्तुति दी जिनमे कक्षा 11वी की छात्राओ ने गणेश वन्दना, कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियो ने सामूहिक रूप से संगीत के मधुर धुनों के साथ लय मिलाते हुये मनमोहक योगा की प्रस्तुति दी। संगीत शिक्षिका भावना मीणा ने सितार वादन से सबका मन मोह लिया। साथ ही मराठी छात्राओ ने शिवाजी महाराज को समर्पित शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय के स्कूल कप्तान शिवराज मईडा ने अपने 7 वर्षों का अनुभव साझा करते हुए अपने सहपाठियो को आगे बढऩे का संदेश दिया। कार्यक्रम में न्यू लुक संस्थान के निदेशक प्रदीप कोठारी, मयूर मिल के व्यवसाय प्रमुख बहेडिया, प्रबंधन एचआर मेनेजर मनोज शाह, पीएमश्री नवोदय विद्यायल डूंगरपुर के प्राचार्य अब्दुल अजीज एवं वागड़ क्षेत्र के शिक्षाविद् सेवानिवृत जिला शिक्षाधिकारी पुष्पेन्द्र पंडया ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। प्राचार्य अब्दुल हमीद ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय की स्वर्णिम उपलब्धियों से अवगत कराते हुए जिला प्रशासन, अभिभावको एवं स्टाफ सदस्यों का अभार जताया। संचालन भजन सिंह भाटी, राजेन्द्र दिवाच, रेखा गर्ग, जेराल्ड एस एवं नेहा ने किया जबकि आभार उपप्राचार्य ज्ञान सिंह ने माना।

कार्यवाही का विरोध

डूंगरपुर, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ लोकतान्त्रिक जिला शाखा डूंगरपुर ने राउमावि धम्बोला के शिक्षकों पर विभाग की कार्यवाही का विरोध करते हुए अविलंब एपीओ, निलंबन से बहाली की मांग करने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक (मुख्यालय) को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन का हवाला देते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र, जिला अध्यक्ष हरिओम पंचाल संगठन महामंत्री विश्राम कटारा, प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि राउमावि धम्बोला में शिक्षक द्वारा छात्र से मारपीट के उपरान्त विभाग द्वारा की गई अवांछनीय कार्यवाही पर संगठन अपना विरोध ज्ञापित करता है।विभाग द्वारा इस तरह की कार्यवाही से जिले भर के शिक्षकों में हताशा एवं निराशा का भाव पैदा होगा, शिक्षकों का मनोबल गिरेगा, जबकि उक्त घटना सामान्य सी अनुशासन बनाए रखने की थी। गौरतलब है कि विद्यालयों में विविध-संवर्गों के अनेकों पद रिक्त हैं, ऐसे में विद्यालय में अनुशासन बनाये रखना एक बहुत बड़ी चुनौती है। शिक्षकों के विरुद्ध यह कार्यवाही छात्रों में उद्दंडता एवं अनुशासनहीनता को बढ़ावा देगी। संगठन के संज्ञान में आया है कि इस प्रकरण की जांच करने गए अधिकारी पूर्वाठाह ठास्त थे एवं जाँच कार्य निरपेक्ष एवं निष्पक्ष रूप से नहीं किया गया है। संगठन सम्पूर्ण घटनाक्रम की पुन:: जांच की मांग भी करता हैं।

चोरी करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने रात के समय मकान से चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 1 सितंबर 24 को पीडित अर्जुनसिंह सिसोदिया पुत्र रघुवीरसिंह निवासी बिलेसरी थाना हथूनिया प्रतापगढ हॉल डाकन कोटड़ा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 31 अगस्त रात में अज्ञात चोर मेरे मकान से घुस करसोने के गहने चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी राव अजयसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आशाराम उर्फ आशु उर्फ आशुडा पुत्र दूदा निवासी शिव मंदिर के पास धोल की पाटी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किए गहने बरामद किए।

पानी की मोटर चोरी

भीम, (निसं)। शनिवार रात को अज्ञात चोरों ने जैन स्थानक ताल से बोरवेल से पानी की मोटर चुरा ले गए ताल ग्राम के बाजार के मध्य स्थित जैन स्थानक के पीछे दीवार फांद कर अज्ञात लोगो ने सबमर्सिबल मोटर बोरवेल से निकलकर रात्रि को ले गए मोटर के साथ 280 फीट केबल भी ले गए और करीब 300 फीट पाइप के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। समाजसेवी प्रकाश जैन ने बताया कि भवन के व्यवस्थापक शिव प्रसाद शर्मा सुबह पानी के लिए मोटर चालू करने गया तो बाहर पाइप के टुकड़े पड़े थे। पीड़ित ने पुलिस थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है एक महीने में ग्राम में पांच मोटर चोरी हो गई जिसका कहीं पता नहीं चल पाया है देवगढ़ पुलिस ने मौका मुआयना कर जल्दी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

गौशाला गोष्ठ में किया नामकरण संस्कार

बांसवाड़ा, (निसं)। मंदारेश्वर मार्ग स्थित गौशाला में बसंत पंचमी पर्व पर रामगोपाल एवं पूजा सोनी ने अपनी पोती का नामकरण संस्कार गौ माता के समक्ष किया। प्रारंभ में पंडित भुवन पंड्या के सानिध्य में बच्ची के पिता कल्पेश सोनी व माता दीपू सोनी ने यज्ञ में आहुतियां दी वहीं पूजा विधान किये। इसके पश्चात् गौमाता के गोष्ठ में वैदिक परंपरा से गौ माता के सानिध्य में बेटी का नाम नवश्री सोनी रखा गया एवं सोनी परिवार व बच्ची पर गुलाब की पंखुडियो से पुष्प वर्षा कर शहद का प्राशन करवाया गया वहीं गौमाता को सवामणी करवाई गई।

कैलेंडर का विमोचन

राजसमंद, ०(निसं)। जिला मुख्यालय स्थित नगर परिषद सभागार में रविवार प्रात: 10 बजे रेगर युवाशक्ति राजस्थान जिला शाखा की ओर से वर्ष 2025 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल थे। जबकि अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष मांगीलाल शक्रवाल ने की। जिलाध्यक्ष राजेश फूलवारिया ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष शक्रवाल ने रेगर युवा शक्ति राजस्थान ने समाज में पहले व्याप्त कुरीतियों को मिटाने एवं शिक्षा से समाज का शैक्षणिक स्तर आर्थिक स्तर ऊंचा हो एवं समाज के युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोडने का संकल्प लिया एवं समाज को राजनीतिक क्षेत्र में सक्रियता निभाने का संदेश दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष पालीवाल ने कहा की समाज के युवाओं को शिक्षित करने एवं समाज के हर कार्य में तत्पर तैयार रहूंगा और जिले में रेगर समाज की किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान करवाया जाएगा। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ ने पंचायती राज चुनाव में रेगर समाज के प्रतिनिधियों को राजनीति में आने के लिए कहा गया। इस दौरान डॉ राजकुमार खोलिया, राजमल सेरसिया, बंशीलाल उदेनिया, पवन डडवाडिया, मदन मौर्य राजनगर, राजू नुवाल केलवा, रमेश नोगिया मोही, चुन्नीलाल मोही, कैलाश मजीवाल, रमेश कोठारिया, राकेश सुनकरिया, मोटाराम गिलूण्ड, नाथूलाल खारखंदा, ईश्वर मौर्य, मनीष डडवाडिया, मांगीलाल जेलिया, गोपीलाल डडवाडिया, नारूलाल चंगेरीवाल सहित समाजजन उपस्थित थे।

आश्रय सेवा परिसर में शिला पूजन

बांसवाड़ा, (निसं)। आश्रय सेवा संस्थान की ओर से संचालित मां उमा बालिका गृह के नवीन परिसर में शिला पूजन निवृत्तमान सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी के सानिध्य में किया गया। पं. विनय भट्ट के मंत्रोच्चार के सा